दिन– गुरूवार दिनांक– 16/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने अपराध नियंत्रण और पुलिस के कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए वरीय पुलिस अधिकारियों को अलग–अलग जिलों का प्रभारी बनाया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा का तीसरा चरण आज खगड़िया से शुरू हो रहा है। पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्‌घाटन और शिलान्यास।

03. सीबीआई ने पूर्णिया के एक परीक्षा केंद्र पर पिछले वर्ष आयोजित नीट–यूजी परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक मामले में प्राथमिकी दर्ज की। आठ लोगों को बनाया गया नामजद अभियुक्त।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। घने कुहासे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित।

———————————————————————

राज्य सरकार ने अपराध नियंत्रण और पुलिस के कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए वरीय पुलिस अधिकारियों को अलग–अलग जिलों का प्रभारी बनाया है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने डीआईजी, आईजी और एडीजी रैंक के अधिकारियों को जिलों का प्रभारी बनाया है। संबंधित अधिकारी जिले में पुलिस के कामकाज की निगरानी करेंगे। साथ ही वे डीएसपी से लेकर एसएसपी तक के कामों की समीक्षा करेंगे। प्रभारी पुलिस अधिकारियों को हर महीने रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिये गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय के एडीजी कुंदन कृष्णन को पटना जिले का प्रभारी बनाया गया है।

———————————————————————

भारतीय पुलिस सेवा के बिहार कैडर के वरिष्ठ अधिकारी शिवदीप वामनराव लांडे का इस्तीफा मंजूर हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उनके इस्तीफे को मंजूर कर लिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इस संबंध में जारी अधिसूचना में कहा गया है कि तेरह जनवरी के प्रभाव से उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाता है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा का तीसरा चरण आज खगड़िया से शुरूहो रहा है। मुख्यमंत्री तीसरे चरण के तहत आज से उनतीस जनवरी के बीच नौ जिलों का दौरा करेंगे। हमारे खगड़िया संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री खगड़िया, महेशखूंट और अलौली में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

———रिपोर्ट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपने खगड़िया दौरे के क्रम पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार महेशखूंट के कन्हैया टोला स्थित पशु आहार संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वे विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित स्टॉल का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री गढघाट रामपुर अलौली में बागमती नदी पर पुल निर्माण स्थल का निरीक्षण करेंगे। वे खगड़िया समाहरणालय के मुख्य सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में भी भाग लेंगे। श्री कुमार का जीविका दीदियों और स्थानीय लोगों के साथ भी संवाद का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया प्रभात सुमन।

———————————————————————————

मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पिछले वर्ष आयोजित नीट—यूजी परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीबीआई ने एक और प्राथमिकी दर्ज की है। पूर्णिया के एक परीक्षा केंद्र में हुई गड़बड़ी के मामले में दर्ज इस प्राथमिकी में आठ लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इसमें अभ्यर्थी से लेकर सेटर और दूसरे के बदले परीक्षा में बैठने वाले शामिल हैं। सीबीआई ने पूर्णिया के एसआरडीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य की शिकायत पर यह प्राथमिकी दर्ज की है।

———————————————————————————

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत अस्सी हजार से अधिक परिवारों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है। ग्रामीण विकास विभाग के अनुसार यह आंकड़ा देश के अन्य राज्यों की तुलना में सबसे अधिक है। पूर्वी चंपारण जिले में सबसे अधिक पांच हजार पांच सौ चौदह परिवारों का सर्वेक्षण हुआ है। इसी प्रकार समस्तीपुर में चार हजार दो सौ, पश्चिम चंपारण में तीन हजार छह सौ अट्ठासी, मुजफ्फरपुर में तीन हजार छह सौ उनतीस और पटना में तीन हजार चार सौ नौ परिवार का सर्वे पूरा किया गया है। राज्य में आवास विहीन परिवारों का सर्वेक्षण दस जनवरी से शुरू हुआ है, जो मार्च महीने तक चलेगा।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि बिना निबंधन का नवीनीकरण कराए पंद्रह साल से अधिक पुराने वाहन जब्त होंगे। साथ ही वाहन मालिकों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

इस संबंध में परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने सभी जिला परिवहन पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि ऐसे वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

———————————————————————————

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने धान खरीद में पैक्स और व्यापार मंडलों का कमीशन बढ़ाने की केंद्र सरकार से मांग की है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई बैठक में उन्होंने कहा कि पिछले तेरह वर्षों से कमीशन की दर नहीं बढ़ी है। इसलिए धान खरीद का कमीशन सत्ताईस रुपये से बढ़ाकर चौवन रुपये ग्यारह पैसे किया जाए। वहीं, गेहूं खरीद में समिति को परिवहन मद में राशि आवंटित करने की मांग की गई है।

———————————————————————————

जलवायु परिवर्तन के अनुसार फसल चयन और योजना बनाने के लिए राज्य के अट्ठाईस जिलों में फसलों के डिजिटल सर्वे का काम शुरू हो गया है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जल्द ही शेष जिलों में भी सर्वे शुरू किया जाएगा। विभाग ने इस साल तेरह हजार गांवों में डिजिटल क्रॉप सर्वे करने की कार्ययोजना बनायी है। संबंधित जिलों के जिलाधिकारी को इसकी निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है।

———————————————————————————

दरभंगा जिले के किरतपुर प्रखंड क्षेत्र में गेहूंआ नदी में बेमौसम आई बाढ़ से सैकड़ों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो गयी। ब्यौरा हमारे संवाददाता से——

———रिपोर्ट———

बेमौसम आई इस बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर फसल का नुकसान हुआ है। अंचलाधिकारी आशुतोष कुमार सन्नी ने बताया कि मधुबनी में एनएच—छप्पन की छोटी फाटक खोले जाने से नदी के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी हो गयी। इससे झगरूआ, तरवारा, कुबौल, ढांगा, तेतरी, भुभौल और जगसो समेत कई गांव के निचले इलाके में लगी गेहूं, मक्का, दलहन और तिलहन की फसल डूब गयी। बाद में जिला प्रशासन ने पानी के बहाव के लिए सड़क को काट दिया, जिससे राहत मिली है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी शशिभूषण झा ने बताया कि फसलक्षति का मुआयना कर मुआवजे के लिए वरीय अधिकारियों को आवदेन भेजा जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

———————————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से...........

———म्यूजिक——

प्रयागराज में जारी महाकुंभ में आज भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम संस्कृति का महाकुंभ आरंभ होगा। इसके तहत विख्यात कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा दर्शायी जाएगी। इधर, प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान स्वास्थ्य देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य देखभाल के इन प्रयासों में एक पहल है– नेत्र कुंभ। इसके माध्यम से दृष्टि बाधित लोगों के लिए विशेष प्रबंध किये गए हैं। एक रिपोर्ट–

————रिपोर्ट———

————————————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और कुहासे की चपेट में है। अधिकांश स्थानों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर कम होने से ठंड का एहसास अधिक हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले दो दिनों तक मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

———बाईट———

इधर, घने कुहासे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। लंबी दूरी की कई रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से घंटों विलंब से चल रही हैं। कल तेजस राजधानी और संपूर्णक्रांति समेत दर्जनों ट्रेन छह से आठ घंटे की देरी से पटना पहुंची। पटना हवाई अड्डे पर दो विमानों को रद्द कर दिया गया, जबकि छब्बीस विमानों का परिचालन प्रभावित रहा।

————————————————————————————

दिल्ली में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में बिहार से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नाम शामिल है।

————————————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने अपरिहार्य कारणों से अट्ठाईस फरवरी तक चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। दानापुर–केएसआर बेंगलुरू स्पेशल ट्रेन, बरौनी

–नई दिल्ली क्लोन स्पेशल, दरभंगा–नई दिल्ली क्लोन और धनबाद–जम्मूतवी स्पेशल ट्रेन को रद्द किया गया है।

———————————————————————————

यूजीसी–नेट दिसम्बर दो हजार चौबीस की पंद्रह जनवरी को स्थगित परीक्षा इक्कीस और सत्ताईस जनवरी को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर होगी। इक्कीस जनवरी को परीक्षा पहली पाली में होगी। वहीं, सत्ताईस जनवरी को परीक्षा दूसरी पाली में होगी।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। सभी विद्यालयों के प्राचार्य समिति की वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर इसे परीक्षार्थियों को उपलब्ध करायेंगे। इंटरमीडिएट की परीक्षा एक फरवरी से शुरू होकर सत्रह फरवरी तक चलेगी। परीक्षा में बारह लाख नब्बे हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे।

———————————————————————————

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने हर घर नल का जल योजना के कार्यान्वयन में लापरवाही बरतने के आरोप में मधुबनी और जमुई जिले के कार्यपालक अभियंताओं को निलंबित कर दिया है।

———————————————————————————

पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत ने रिश्वतखोरी के दो अलग–अलग मामले में कृषि विभाग के तत्तकालीन प्रशाखा पदाधिकारी राजनंदन कुमार श्यामला को दो वर्ष और छह महीने की सजा सुनाई है। साथ ही उनपर दोनों मामले में पांच–पांच हजार रुयपे का जुर्माना भी लगाया गया है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार में कोहरे का कहर, ट्रेन और विमान अटके।

**दैनिक जागरण** लिखता है – विधान परिषद उपचुनाव के नतीजे घोषित करने पर रोक।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – रोहतास स्थित राइस मिल से मिली आठ सौ करोड रुपए की अवैध लॉटरी।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – समस्तीपुर के पूसा में हादसा, बॉयलर फटा, दो मरे चार गंभीर।

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – जुकरबर्ग की टिप्पणी के लिए मेटा ने मांगी माफी।

**आज अखबार** लिखता है– कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान बगहा में दिखी एनडीए की एकजुटता, नीतीश के नेतृत्व में लड़ेंगे चुनाव।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने अपराध नियंत्रण और पुलिस के कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए वरीय पुलिस अधिकारियों को अलग–अलग जिलों का प्रभारी बनाया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा का तीसरा चरण आज खगड़िया से शुरू हो रहा है। पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास।

03. सीबीआई ने पूर्णिया के एक परीक्षा केंद्र पर पिछले वर्ष आयोजित नीट–यूजी परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक मामले में प्राथमिकी दर्ज की। आठ लोगों को बनाया गया नामजद अभियुक्त।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। घने कुहासे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।